हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026
कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 43 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

11 कृषि आदान व्यापारी हड़ताल की राह पर


12 नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कुरूद पालिका में निंदा प्रस्ताव ...



## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### जिपं में सामान्य सभा का सम्मिलन आज



**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी की विशेष सामान्य सभा का सम्मिलन आगामी 28 अप्रैल को आहूत की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस सम्मिलन में विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### प्रायोगिक परीक्षा 30 से

**कुरूद।** बीएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर/माइक्रो बायोलाजी के समस्त नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व परीक्षाथियों की चतुर्थ सेमेटर की प्रायोगिक परीक्षा 30.04.2026 एवं द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 02.05.2026 को प्रातः 9 बजे निर्धारित की गई है। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि को समय से आधा घंटा पूर्व विभाग में प्रायोगिक फाइल, लेखन सामाग्री एवं लैबकोट आदि के साथ उपस्थित होने की अपील की गई है। निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित नहीं होने पर समस्त जवाबदारी स्वयं छात्र छात्राओं की होगी।

### जहर खाने से युवक की हुई मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम परसतराई निवासी हरीश यादव पिता जागेश्वर उम्र 21 वर्ष की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जिसका उपचार चल रहा था। युवक हमेशा मर जाने की बात कहता था। सोमवार की सुबह उसकी स्थिति खराब होने लगी। उसके मुंह से जहरीली दुर्गन्ध आ रही थी जिसे परिजनों को युवक के जहर सेवन कर लेने की जानकारी हुई। युवक को आटो के माध्यम से तत्काल जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है।

### खेत गई वृद्धा मृत मिली

**धमतरी।** अपने खेत की रखवाली करने गई वृद्धा मेड़ के पास अचेत पड़ी मिली जिसे अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार बुधन्तिन बाई सलाम पति चैतराम उम्र 61 वर्ष ग्राम थाना बोडी थाना नरहरपुर जिला कांकेर निवासी रविवार की दोपहर रखवाली करने अपने खेत गई थी। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन वृद्धा की तलाश करते खेत पहुंचे जहां खेत के मेड़ के पास वृद्धा अचेत पड़ी हुई थी। वृद्धा को उपचार के लिये धमतरी के मसीही अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। मृतिका के पुत्र खिलेश्वर सलाम ने पुलिस को बताया कि उसकी मां बुधन्तिन बाई की बीपी बढ़ने व चक्कर खाकर गिर जाने से मौत हुई है। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा व पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौंप दिया है।

# छाती में भयंकर आग से हजारों का नुकसान, मुआवजा की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी

ग्राम छाती में 24 अप्रैल शुक्रवार को दोपहर अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाने से खेतों की आग बाड़ी एवं घर की ओर पहुंचने लग गया। भीषण गर्मी और हवा से फैले भयंकर आग के धुआं को गांव में देखकर अफरातफरी मच गई। गांव के लोग पानी लेकर बुझाने में लगे रहे। ग्राम पंचायत छाती द्वारा मुनादी करा कर नल जल पानी खोलकर पानी से आग बुझाने की मशक्कत





की गई। ग्राम पंचायत ने फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया। ग्राम पटवारी, कोटवार आदि भी तत्काल पहुंचकर आग बुझाने में जुटे लोगों पर नजर रख रहे थे। भयंकर आग लगने से सबसे ज्यादा ईश्वर चंद्राकर के केलाबाड़ी में हाहाकार मच गया। नरेंद्र साहू के बाड़ी में लगे महंगे आम के पेड़, फल जलकर स्वाहा हो गया। खेत खलियानों में रखें पैरा, कुटी आदि भी आग के हवाले हो गया। आग कई किलोमीटर दूर तक पहुंच गई। यदि गंगरेल का पानी तालाब छाती में नाली के माध्यम से नहीं आए होते तो उडेना मार्ग पर स्थित सैकड़ो गरीबों के झोपड़ी, छेना, पैरावट, घर आदि भी जलकर खाक हो जाते। पीड़ित लोगों ने जिला प्रशासन, शासन को हुए नुकसान के मुआवजा की मांग की है। फोन के माध्यम से ग्राम सेवक, पटवारी, तहसीलदार को मौका मुआयना करके मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। अधिकारियों द्वारा सोमवार को पहुंचकर मुआयना की बात कही गई है। अज्ञात व्यक्ति के ऊपर कानूनी कार्यवाही की मांग भी पीड़ित लोगों के द्वारा की गई है।

### पूर्व मंत्री के रिश्तेदार के यहां करोड़ों के लेनदेन की हो रही जांच

# भारतमाला मुआवजा घोटाला : कुरूद में ईडी की बड़ी कार्रवाई, टीम की तीन ठिकानों पर छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भारतमाला परियोजना से जुड़े कथित मुआवजा घोटाले को लेकर सोमवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धमतरी जिले के कुरूद में बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के चचेरे भाई भूपेंद्र चंद्राकर के निवास पर दबिश दी। इसके साथ ही राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी रोशन चंद्राकर और कारोबारी गोपाल गांधी के ठिकानों पर भी एक साथ छापेमारी की गई।

सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीम सुबह करीब 6 बजे चार वाहनों में दर्जनभर से अधिक अधिकारियों के साथ कुरूद पहुंची। कार्रवाई के दौरान घर के बाहर सुरक्षा तैनात कर दी गई है और किसी को भी



अंदर-बाहर आने-जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। टीम द्वारा दस्तावेजों और लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड की गहन जांच की जा रही है। जिसमें दो गाड़ी भूपेंद्र व दो गाड़ी रोशन के घर खड़ी है। समाचार लिखे जाने तक जांच जारी रही जिसको लेकर संभावना जताई जा रही है कि जांच के दायरे में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ सकती है और आने वाले दिनों में इस मामले में और खुलासे होने की उम्मीद है।

#### मुआवजा घोटाले में करोड़ों के लेनदेन का आरोप

ईडी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को मिली शिकायत के मुताबिक, भूपेंद्र चंद्राकर पर भारतमाला परियोजना के तहत अपने करीबियों को अलग-अलग तहसीलों में करोड़ों रुपए का मुआवजा दिलाने का आरोप है। यह शिकायत दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ की गई बताई जा रही है। जिसमें अभनपुर के कायाबांधा सहित दुर्ग, पाटन, राजनांदगांव के देवादा और मगरलोड तहसीलों में भी संदिग्ध तरीके से मुआवजा वितरण हुआ है, जिसमें चंद्राकर के करीबी लाभार्थियों को भारी राशि मिलने की बात कही जा रही है।

#### रोशन चंद्राकर पहले भी रहे जांच के दायरे में

राइस मिलर रोशन चंद्राकर के यहां ईडी पहले भी छापेमारी कर चुकी है। उन पर कस्टम मिलिंग घोटाले में संलिप्तता के आरोप लगे थे। इस मामले में उनकी गिरफ्तारी भी हो चुकी है और वर्तमान में वे जमानत पर हैं। ईडी की टीम फिलहाल तीनों ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच और पूछताछ में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में वित्तीय लेनदेन और मुआवजा वितरण में अनियमितताओं के संकेत मिलने की बात सामने आ रही है।

# बारातियों से भरी बस में लगी आग, बाल-बाल बचे सवार



नेशनल हाइवे में जगतरा के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल हाइवे से गुजर रही बारातियों से भरी बस में जगतरा मंदिर के पास अचानक आग लग गई। इस घटना में सवार बाराती बाल-बाल बच गए।

मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के ग्राम अरौद से बस क्रमांक सीजी 07 ई 1171 से बारात बालोद जिले के ग्राम बड़गांव जाने के लिये निकली थी। बस बारातियों से खचाखच भरी हुई थी। नेशनल हाइवे से गुजर रहे बस पुरूर थाना क्षेत्र में स्थित जगतरा मंदिर के पास गुजर रही थी। इसी दौरान अचानक आग लग गई। आग लगते ही बस में सवार बारातियों में अफरा-तफरी मच गई। बस को आग की लपटों से घिरते देख सवार बारातियों ने तुरंत बस से बाहर निकल अपनी जान बचाई। समय रहते सवार लोग बस से निकलने में सफल हो गये जिससे बड़ी घटना टल गई। इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। वहीं देखते ही देखते बस पूरी तरह आग की चपेट में आकर जल गई। सूचना मिलते ही पुरूर पुलिस घटनास्थल पहुंच गई। फिलहाल बस में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रथम दृष्टया बस में शार्ट सर्किट होने के कारण आग लग जाने की आशंका जताई जा रही है। पुरूर पुलिस द्वारा मामले की जांच में जुट गई है।

### पाक्सो एक्ट के चौथे प्रकरण में न्यायालय का एक और सख्त फैसला

# दुष्कर्मी को 20 साल का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने एक और सख्त फैसला सुनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया है।

पुलिस के अनुसार वर्ष 2025 में सिहावा थाना में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में धारा 137/2, 87, 65/1 बीएनएस एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया था। प्रकरण में आरोपी विरेंद्र मरकाम उम्र 22 वर्ष ग्राम संबलपुर थाना कुंदई जिला नवरंगपुर उड़ीसा निवासी के विरूद्ध प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय में दोषसिद्ध पाया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। उक्त प्रकरण की विवेचना चौकी प्रभारी एवं विवेचनाधिकारी एएसआई दुलालनाथ तथा सिहावा पुलिस टीम द्वारा गंभीरता, सूक्ष्मता एवं दक्षता के साथ की गई। विवेचना के दौरान वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य



संकलन, गवाहों के बयान एवं महत्वपूर्ण तथ्यों को प्रभावी ढंग से न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी को कठोर सजा दिलाने में सफलता प्राप्त हुई है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचना अधिकारी को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। जिससे अन्य अधिकारी कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

#### तीन प्रकरणों में आरोपियों को मिल चुकी है सख्त कारावास

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 में धमतरी पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट के कुल तीन प्रकरण जिसमें सिटी कोतवाली के दो व बिरेझर के एक मामले में प्रभावी विवेचना एवं पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय से आरोपियों को 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3-3 हजार की अर्थदंड से सजा दिलाई जा चुकी है।

# बदलेगा मौसम, गर्मी से मिलेगी राहत

- तीन दिनों बाद तीन डिग्री तापमान में कमी आने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भीषण गर्मी के बीच राहत की खबर है। आगामी दिनों में मौसम बदलने जा रहा है। जिससे दो से तीन डिग्री तापमान में गिरावट की संभावना है। मौसम विज्ञानविभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं चेतावनी दी गई है कि एक दो स्थानों पर 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती है। गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

#### सिनोप्टिक सिस्टम जिससे मौसम में होगा परिवर्तन

उत्तरपश्चित उत्तरप्रदेश के उपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण समुद्रतल से 1.5 किमी उपर तक फैला है। उत्तरपश्चिम उत्तरप्रदेश से उत्तरपश्चिम बंग्लादेश तक चक्रवाती परिसंचरण से उत्पन्न पूर्व पश्चिम द्रोणिका पूर्वी उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड और गंगा के पश्चिम बंगाल के उत्तरी भागों से गुजर रहा है। यह द्रोणिका समुद्रतल से 0.9 किमी की उंचाई पर बना हुआ है।

#### तीन दिनों बाद तापमान में होगी क्रमिक गिरावट

आगामी दो दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। उसके बाद तीन दिनों में दो से तीन डिग्री तापमान की क्रमिक गिरावट होगी। मंगलवार को मध्य छत्तीसगढ़ के एक दो पाकेटों में ग्रीष्मलहर चलने की संभावना है।

### डिजिटल प्रणाली के माध्यम से होगी पारदर्शी जनगणना

# जनगणना की तैयारियां तेज, धमतरी निकाय क्षेत्र में 24 हजार से अधिक भवनों का नंबरिंग कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आगामी जनगणना को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा पहले चरण का कार्य पूरा कर लिया गया है, जिसके तहत निकाय क्षेत्र के सभी भवनों का नंबरिंग कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया गया है। अब दूसरे चरण में मकान सूचीकरण और जनसंख्या संबंधी जानकारी एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

जानकारी के अनुसार धमतरी नगर निगम क्षेत्र के 40 वार्डों के साथ ही आसपास के ग्राम अर्जुनी, रत्नाबांधा, मुजगहन और करेठा में कुल 24,114 भवनों को चिन्हित कर उन्हें एक विशिष्ट नंबर प्रदान किया गया है। इस नंबरिंग के जरिए प्रत्येक मकान को डिजिटल पहचान दी गई है, जो आगामी सर्वे और जनगणना कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रशासन अब दूसरे चरण की तैयारियों में जुट गया है। इसके तहत प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में व्याख्याताओं को



शामिल कर उन्हें तकनीकी रूप से दक्ष बनाया जाएगा, ताकि वे जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कर सकें। इस दौरान डिजिटल एप के माध्यम से डेटा संकलन और 33 बिंदुओं की प्रश्नावली भरने की प्रक्रिया समझाई जाएगी।

अधिकारियों के मुताबिक 1 मई तक स्वगणना का कार्य पूरा किया जाएगा, जबकि 2 मई से 31 मई तक डोर-टू-डोर सर्वे शुरू होगा। इस सर्वे में प्रत्येक परिवार के सदस्यों की संख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और उपलब्ध संसाधनों से जुड़ी जानकारी एकत्र की जाएगी। खास बात यह है कि इस बार जनगणना पूरी तरह पेपरलेस होगी और सभी आंकड़े सीधे मोबाइल एप में ऑनलाइन दर्ज किए जाएंगे।

प्रशासन का कहना है कि डिजिटल प्रणाली के माध्यम से जनगणना कार्य में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। साथ ही, प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों को मैदानी स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले में इस बड़े अभियान को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अधिकारियों को उम्मीद है कि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तर पर कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड धमतरी के कक्ष क्रमांक-01 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07722-238719 और 07722-232249 एवं टोल फ्री नंबर 18002330008 में सम्पर्क किया जा सकता है। कंट्रोल रूम के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी सहायक अभियंता हैं। साथ ही प्रशिक्षु पूजा निषाद और हेल्पर महेश्वर ध्रुव की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि कंट्रोल रूम में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का दायित्व होगा कि वे प्रतिदिन 20 ग्राम पंचायतों के सरपंच/सचिवों से सम्पर्क स्थापित कर उनके ग्रामों में विभाग द्वारा क्रियान्वित जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं ग्रामों में पेयजल की समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित क्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारियों को समस्या से अवगत कराएंगे और प्रत्येक 24 घंटे में उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी लेंगे। साथ ही प्रतिदिन आम जनता से प्राप्त होने वाली शिकायतों को निर्धारित प्रपत्र में शिकायत पंजी में दर्ज कर संबंधित क्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारियों को अवगत कराएंगे।

# राज्यस्तरीय कुश्ती चयन प्रतियोगिता में गोकुलपुर अखाड़ा के पहलवानों का दमदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बीएसपी अखाड़ा सेक्टर-3 भिलाई में 5 अप्रैल को छग राज्यस्तरीय जूनियर (अंडर-17) बालक-बालिका कुश्ती चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, महासचिव प्रशांत राय सहित भूपेन्द्र यादव, लक्ष्मण साहू, अवधेश यादव, श्रवण यादव, संतोषी चन्द्राकर, गोपाल यादव एवं विभिन्न जिलों से आए उस्तादों ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

प्रतियोगिता में रायपुर, धमतरी, बिलासपुर, रायगढ़, दुर्ग, भिलाई एवं कांकेर सहित विभिन्न जिलों के लगभग 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया फ्री स्टाइल, ग्रीको-रोमन एवं महिला फ्री स्टाइल के विभिन्न वजन वर्गों में हुई। चयनित खिलाड़ी 27 से 30 अप्रैल तक औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे



जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण पदक अपने नाम किए। बालक वर्ग में हेमराज हल्बा (48 किग्रा), यमन यादव (55 किग्रा), आयुष कुमार (65 किग्रा) एवं बोनेश साहू (92 किग्रा) ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं बालिका वर्ग में तेजस्विनी नेताम (49 किग्रा) एवं लक्ष्मी साहू (61 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक हासिल कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता में कोच एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी नुमेश यादव की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। खिलाड़ियों की इस सफलता पर भगवान सिंह यादव, राजकुमार, अंकालू, कृष्ण साहू, मेघराज यदु, रामकुमार साहू, तुलसी, हरीश, लोकेश नेताम, लल्ला यदु सहित वरिष्ठ खेल शिक्षक एआर थिटे, पूर्व प्राचार्य चंद्रशेखर चौबे एवं कोच विजय कुमार यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने और गौ हत्या बंद करो कत्लखाने बंद करो के लगे नारे

# नगरी में गौसम्मान अभियान : दंतेश्वरी मंदिर से तहसील कार्यालय तक निकली भव्य रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

## राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन







देशभर में चल रहे "गौसम्मान अभियान" के तहत 27 अप्रैल 2026 को नगरी में भी श्रद्धा, आस्था और जनजागरूकता से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय राजाबाड़ा स्थित दंतेश्वरी मंदिर से सुबह विशाल रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में गौसेवक, महिलाएं, युवा एवं नगरवासी शामिल हुए। रैली बजरंग चौक बस स्टैंड से नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। रैली में गौ हत्या बंद करो गौ हत्या बंद करो, कतल कारखाने बंद करो साथ ही गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए करके नारे लगाते लोग दिखाई दिए।

तहसील कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम प्रीति दुर्गम को ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन के साथ लगभग 11,000 हस्ताक्षर संलग्न किए गए, जिनके माध्यम से गौ माता को "राष्ट्रमाता" घोषित करने की मांग की गई। इसके साथ ही देशभर में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ठोस नीति बनाने तथा उनके लिए चारा-पानी, चिकित्सा एवं आश्रय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई।

कार्यक्रम का संचालन सुरभि गौ माता नंदी बाबा संरक्षक के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने गौ माता के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे भारतीय परंपरा और संस्कृति का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

गौसम्मान अभियान की जानकारी देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने बताया कि यह एक राष्ट्रव्यापी जनजागरूकता अभियान है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में गौवंश के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना और उन्हें राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए व्यापक समर्थन जुटाना है। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि "जिसने भी गौ माता का दूध पिया है, उसका कर्ज चुकाना हम सभी का कर्तव्य है।"

वहीं गौशाला समिति के अनिल वाधवानी ने कहा कि गौ माता की सेवा से न केवल आध्यात्मिक संतोष प्राप्त होता है, बल्कि यह शारीरिक और मानसिक सुख भी प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को क्षेत्रभर में निरंतर चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़कर गौ संरक्षण के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान केवल धार्मिक भावना तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

इस अवसर पर जिला प्रभारी डेविड साहू, तहसील प्रभारी भारत पटेल, दयानंद साहू, जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, महामंत्री रूपेंद्र साहू, गौशाला अध्यक्ष प्रिंस जैन, अनिल वाधवानी, शिवशंकर,पंडित देवव्रत शास्त्री, कमल डागा, शशिभूषण, अनीता जैन, आभा, संत कोठारी, हुपेंद्र साहू, पंकज यादव, एस कुमार, जसपाल खनूजा, सुरेश साहू सहित बड़ी संख्या में गौसेवक एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## डोंगरडुला सेक्टर में कृषि विस्तार अधिकारी का पद 6 माह से रिक्त, किसानों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखंड के डोंगरडुला सेक्टर अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायत-बिलबदर, कालेमेटा, राजपुर, परसापानी एवं डोंगरडुला में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी का पद पिछले लगभग 6 महीनों से रिक्त पड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार यहां पदस्थ अधिकारी का प्रमोशन होने के बाद से अब तक नए अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिससे क्षेत्र के किसानों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि कृषि विस्तार अधिकारी के अभाव में किसानों को समय पर उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है। खेती-किसानी से जुड़ी नई तकनीकों, बीज चयन, उर्वरक उपयोग एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में किसान लाभ से वंचित हो रहे हैं। ग्राम निवासी रमेश मंडावी ने बताया कि यदि समय पर सही मार्गदर्शन मिले तो किसान बेहतर उत्पादन कर सकते हैं और योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकते हैं, लेकिन अधिकारी के अभाव में यह संभव नहीं हो पा रहा है।

इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डोंगरडुला सेक्टर में जल्द ही ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, ताकि किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन और सुविधाएं समय पर मिल सकें।

क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र नियुक्ति की मांग करते हुए कहा है कि खेती के महत्वपूर्ण समय में अधिकारी की अनुपस्थिति से उनकी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, जिसका जल्द समाधान किया जाना आवश्यक है।

## साहू समाज युवा प्रकोष्ठ ने शीतल शरबत पिलाकर मनाया सेवा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



जिला साहू समाज धमतरी के युवा प्रकोष्ठ ने दानवीर भामाशाह की जयंती को सेवा सप्ताह के रूप में मनाते हुए मानवता और सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल पेश की है। इस दौरान नगर पंचायत भखारा में तपती गर्मी से राहत दिलाने राहगीरों को मीठे शीतल पेयजल पिलाया गया।

गौरतलब है कि सेवा सप्ताह अंतर्गत 21 अप्रैल को धमतरी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बाइक चालकों को हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। इसके पश्चात 26 अप्रैल को नगर पंचायत भखारा में भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को ठंडा शरबत और जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई। इस कार्य का शुभारंभ भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों, मजदूरों एवं स्थानीय नागरिकों को शीतल पेय वितरित कर उन्हें गर्मी से राहत पहुंचाई गई। इस सराहनीय पहल को लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, अरुण साहू जिला अध्यक्ष साहू समाज युवा प्रकोष्ठ, उपाध्यक्ष ओमआशीष गजपाल व हरीश साहू, कोषाध्यक्ष नितेश गंजीर, होमेन्द्र साहू सेमरा परिक्षेत्र अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सदस्य हिमांचल साहू सहित खेमेंद्र साहू, कामता साहू, बीरेंद्र साहू, प्रीतम साहू, मनीष साहू, पुखराज साहू एवं युवा प्रकोष्ठ के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुंह का कैंसर, स्तन कैंसर के अलावा बीपी, शुगर, आंख, कान की भी हुई जांच

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 130 मरीज हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड





नगर पंचायत करेली बड़ी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का समापन हुआ। शिविर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन गैर संचारी रोग प्रकोष्ठ , जिला अस्पताल धमतरी, जिला स्वास्थ्य समिति और जगती फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

डॉ. प्राची स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. नवीन जैन ओरल ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. विनोद एमडी मेडिसिन, डॉ. मंजिल स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. रेणुका ऑन्कोलॉजिस्ट द्वारा विभिन्न प्रकार के कैंसर की निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया जिसमें मुंह का कैंसर, स्तन कैंसर, बच्चादानी (सर्वाइकल) का कैंसर और फेफड़े का कैंसर शामिल हैं। पुरुषों के भी विभिन्न रोगों की जांच की गई। शिविर में कैंसर के विशेषज्ञों ने जांच के लिए आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों जैसे मैमोग्राफी (स्तन जांच) पप स्मीयर और ब्रश साइटोलॉजी का उपयोग किया। ग्रामीणों की बीपी, शुगर, सर्दी, खांसी, आंख, कान, गला और बुखार की जांच कर उन्हें उचित उपचार एवं दवाइयां वितरित की गईं।

शिविर में सीएमएचओ डॉ यूएल कौशिक, डॉ. शारदा ठाकुर खंड चिकित्सा अधिकारी, महेंद्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत, डीपीएम प्रिया कंवर, सरपंच खेमलता साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, मनोज पटेल बीपीएम, श्रीकांत चंद्राकर प्रभारी अधिकारी एनसीडी, पूर्व पंच दानेश्वर सिन्हा, मुकेश साहू, एआरएम नीरज गजेंद्र, अश्वनी गायकवाड़, तेजेश्वरी साहू, डुमेश्वर, डेमन लाल साहू, खुशबू सिन्हा समेत स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा। शिविर में कुल 130 मरीज लाभान्वित हुए जिसमें ब्रेस्ट कैंसर (मैमोग्राफी) 42 महिलाएं,गर्भाशय (सर्वाइकल) कैंसर 37 महिलाएं , 7 का वीआईए टेस्ट किया गया। मुंह का कैंसर 97 लोगों की जांच जिसमें 2 संदिग्ध मरीज पाए गए। नगर पंचायत करेली बड़ी, कुण्डेल, भेंडरी, हसदा, खिसोरा, मगरलोड, बुड़ेनी और बेलौदी सहित कुल 18 गांवों के ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया।

## खबर संक्षेप



### बकाया पैसे मांगने पर युवक पर पत्थर से जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

**कांकेर।** रिसेवाड़ा में बकाया पैसों की मांग को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट और खून-खराबे की नौबत आ गई। आरोपी ने न केवल पैसे देने से मना कर दिया, बल्कि अपने भाई के साथ मिलकर प्रार्थी पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुँचे ग्राम करियापहर निवासी 22 वर्षीय महेश सेन ने पुलिस को बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उनके साथी राकेश दर्रो ने आरोपी रिसेवाड़ा निवासी तोषण पटेल को 20 हजार रूपएं नगद उधार दिए थे। इसमें से तोषण ने 10 हजार रूपएं वापिस कर दिए थे, लेकिन शेष 10 हजार रूपएं लंबे समय से बकाया था। 27 अप्रैल की सुबह लगभग साढ़े 8 बजे जब अपने दोस्त राकेश दर्रो के साथ बकाया राशि मांगने तोषण पटेल के घर रिसेवाड़ा पहुंचे, तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

### बेमियादी हड़ताल पर वनोपज समिति प्रबंधक, तेंदूपत्ता व्यवस्था पर संकट



**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 902 लघु वनोपज समिति प्रबंधकों ने 22 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस हड़ताल से प्रदेश के लगभग 14 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों और 65 लाख से अधिक संग्राहकों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। संघ के पदाधिकारियों अध्यक्ष रामसाय गावड़े, संरक्षक रावटे, उपाध्यक्ष कुमार भुवाय, कोषाध्यक्ष सुकलू पुराने एवं सचिव सतीश यादव ने बताया कि वर्षों से लंबित मांगों पर शासन स्तर पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे प्रबंधकों में गहरी नाराजगी है।

## निधन

### विद्या साहेब गुरु गोस्वामी

**धमतरी।** 25 अप्रैल की रात 8 बजकर 30 मिनट पर धमतरी नगर के प्रतिष्ठत नागरिक विद्या साहेब गुरु गोस्वामी का निधन हो गया है। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे सुभाष साहेब (पुत्र), अनमोल साहेब (पुत्र), आशीष साहेब (पुत्र), श्रीमती सीमा, श्रीमती नीमा, श्रीमती लक्ष्मी और श्रीमती स्वाती गुप्ता (पुत्री) के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा 26 अप्रैल को प्रातः निवास स्थान सुभाष नगर वार्ड तुलसी चौक के पास से प्रारंभ होकर साहेब फ़ार्म हाऊस तक निकली। जहां उनका धार्मिक रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिकों सहित समाजिक लोग शामिल हुए।



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)**

!! उपस्थिति की सूचना/नोटिस !!

रा.प्र.क्र.-202603132500001/अ-27-/वर्ष 2025-26

प्रभावित पक्षकार
अनावेदक-हुमनलाल पिता बिसौहा
---0---

आवेदक बिसौहा पिता महासिंग जाति तेली निवासी ग्राम छाती तह. व जिला धमतरी कास्तकार ग्राम छाती द्वारा आवेदक के नाम पर दर्ज ग्राम छाती में स्थित भूमि ख.नं. 494/2, 870, 1007/90, 1060/6, 1060/9 रकबा 0.340, 0.202, 0.202, 0.405, 0. 405 हे. कुल खसरा नंबर 05 कुल रकबा 1.554 हे. आवेदक अपने जीवन काल में अपने अनावेदकगणों मोहन लाल एवं अन्य 02 वगै. को मौखिक बंटवारा के आधार पर खाता विभाजन किये जाने आवेदनमय दस्तावेज पेश किया गया है। उक्त बंटवारानामा के बाद आवेदक के जीवकोपार्जन के लिए शेष जमीन बचेगा। अतः आवेदक द्वारा आवेदनमय दस्तावेज पेश किया गया है। जिस संबंध में हल्का पटवारी के द्वारा फर्द बंटवारा मय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त प्रकरण में आप नोटिसी प्रभावित कास्तकार/अनावेदक हैं एवं आपका पक्ष सुना जाना आवश्यक है। इस कारण इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 13/05/2026 को समय सुबह 11:00 बजे न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धमतरी कक्ष क्रमांक 14 में उपस्थित होकर अपना पक्ष स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपकी मौन स्वीकृति मानकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।


सो सूचना प्रेषित है।

जारी दिनांक-27/04/2026

अतिरिक्त तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

## अंचल की खबरें

### मन की बात से मिलती है नई प्रेरणा : अंगिरा






**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 133वें एपिसोड ने एक बार फिर देशभर में जनसंवाद का माहौल बनाया। ग्राम अरौद में जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने अपने निज निवास पर कार्यक्रम को सुना और लोगों के साथ इस संवाद में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की नई उपलब्धियों, ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और समाज में सकारात्मक बदलाव के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास से ही बड़ा परिवर्तन संभव है और हर नागरिक इस परिवर्तन का सहभागी है। जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि मन की बात अब केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आमजन की आवाज और प्रेरणा का सशक्त मंच बन चुका है। प्रधानमंत्री के विचारों से गांव-गांव में जागरूकता और नई सोच का विस्तार हो रहा है। इस अवसर पर पूरनसिंह, देवकी ध्रुव, मिलापा सिन्हा, वरुण उपस्थित थे।

### दूल्हा-दुल्हन ने मोबाइल में सुनी पीएम मोदी के मन की बात



**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। धमतरी विधानसभा के मकेश्वर वार्ड स्थित बूथ क्रमांक 131 में एक अनोखा दृश्य सामने आया, जहां विवाह समारोह के बीच दूल्हा शंकर मानिकपुरी (भाजपा बूथ अध्यक्ष) और दुल्हन वेदिका मानिकपुरी ने मेहमानों के साथ मोबाइल पर मन की बात कार्यक्रम सुना। इस दौरान परिजनों और वार्डवासियों ने भी सामूहिक रूप से कार्यक्रम का श्रवण किया। शंकर मानिकपुरी ने कहा कि मोदी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं और उनका यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक कार्यों से प्रेरित करता है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध के विचारों का स्मरण करते हुए पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीवों की सुरक्षा और बीटिंग द रिट्रीट जैसे विषयों पर जानकारी दी। छत्तीसगढ़ के जंगलों में काले हिरणों की वापसी का उल्लेख भी किया। इस अवसर पर भाजपा नेता कविंद्र जैन, वार्ड पार्षद श्रीमती आशा लोधी, मनोज मानिकपुरी, जोहतरीन नेताम, रेखा नागवंशी, बिंदु प्रजापति, मधु बारले सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### साहू समाज शुरू से ही सेवा में अग्रणी : लेखराम



**अंवरी।** ग्राम भेंडरवानी में दानवीर भामाशाह जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरुद ने सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा कि साहू समाज शुरू से ही समाज सेवा में अग्रणी रहा है। हेल्थ कैंप, कन्या विवाह, रक्तदान जैसे सेवाभावी कार्यक्रम लगातार आयोजित कर अन्य समाज के लिए प्रेरणा बना रहा है। मौके पर निरंजन साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज रुद्री ,पुरुषोत्तम साहू परिक्षेत्र समाज सेवक, वीरेंद्र साहू, मनोहर हिरवानी, योगेंद्र गंजीर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### आमदी में विगत 5 वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को सुख समृद्धि के लिए होता है महाआरती



**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी में महा आरती परिवार के द्वारा विगत 5 वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को शाम के समय नगर में लगभग 12 से 13 हनुमान मंदिर में महा आरती का आयोजन किया जाता है। महा आरती का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों के लिए सुख समृद्धि की कामना करना, हिंदू समाज में जागरूकता लाना और हिंदू संगठन को मजबूत बनाना है। महाआरती में 8 से 10 साल के बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोग सम्मिलित होते हैं । महाआरती में 8 से 10 साल के बच्चों के द्वारा ढोल, डफली, मंजीरा जैसे वाद्य यंत्र को बजाया जाता है और हनुमान चालीसा और हनुमान आरती किया जाता है। महा आरती का शुरुआत करने में प्रमुख रूप से मंशा राम साहू, रामानंद कुंभकार, उमानंद कुंभकार, अमित कुमार साहू, कमलेश पटेल, किशोर कुंभकार, मोती साहू, डोमेश्वर साहू, रवि साहू, अजय साहू, जासल सेन आदि लोगों का सहयोग रहता है।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने निरंतर हो रहा निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

भखारा नगर क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नगर पंचायत भखारा द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, सीएमओ हरि पावरिया, उपाध्यक्ष विष्णु साहू सहित पार्षद मेघनाथ साहू एवं जितेंद्र साहू ने फिल्टर प्लांट सहित भठेली के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने निर्माण स्थलों पर कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मापदंडों एवं गुणवत्ता के अनुरूप ही किए जाएं, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने कहा कि नगर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

जनता की सुविधा और दीर्घकालिक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए कार्यों



का निष्पादन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्य में किसी प्रकार की कमी पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ हरि पावरिया ने भी अधिकारियों और ठेकेदारों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य समय पर पूर्ण हो सके और गुणवत्ता बनी रहे।

वहीं उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि नगर के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधि प्रतिबद्ध हैं और हर स्तर पर निगरानी रखी जा रही है।

निरीक्षण के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे निर्माण कार्यों पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी तत्काल नगर पंचायत को दें, ताकि समय रहते सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।

नगर पंचायत द्वारा किए जा रहे नियमित निरीक्षण से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर और टिकाऊ सुविधाएं मिल सकेंगी।

## खबर संक्षेप



### चालक की लापरवाही उजागर, मामला दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत विवेचना में पाया कि मृतक पीव्ही 74 गौरीशंकर निवासी 19 वर्षीय सुमित सरकार पिता दिलीप सरकार 25 जनवरी को रात करीबन 7 बजें अपने घर कि ओर से पखांजुर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 ईसी 6177 में अपनी बहन सोनाली सरकार, तनुषा मंडल को पीछे बैठाकर पखांजुर मेला देखने जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही वाहन मैजिक क्रमांक क्रमांक 07 टी 2189 के चालक सुमित सरकार के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से आई चोट से मृत्यु होना पाया गया। प्रकरण में उक्त मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 07 टी 2189 चालक के विरूद्ध अपराध धारा 281,125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जलने से महिला की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बागडोंगरी निवासी 35 वर्षीय रितु नाग पति भूपेंद्र नाग का इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका जल गई थी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान 17 फरवरी को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत मानिकपुरी निवासी 57 वर्षीय दिनेश वट्टी का इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में 3 मार्च को मौत हो गया। बिना नंबरी मर्ग डायरी सरोना थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कृत्रिम हाथ-पैर मापन शिविर 28 एवं 29 को

**कांकेर।** दो दिवसीय नकली हाथ पैर के मापन शिविर का आयोजन 28 एवं 29 अप्रैल को प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय कोदाभाट में किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने जानकारी दी है कि जरूरतमंद सभी दिव्यांग शिविर का लाभ ले सकते हैं। शिविर हेतु भोजन, परिवहन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जाएगा। शिविर में हितग्राही को अपना आधार, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज फोटो, यू.डी.आई.डी. कार्ड लाना अनिवार्य है।

### बुजुर्ग महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत कोकपुर निवासी 60 वर्षय जानकी बाई मंडावी का 26 अप्रैल को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसे जिला अस्पताल में लाया गया। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने महिला के मौत होने कि पुष्टी किया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पीएम गति शक्ति संबंधी कार्यशाला में विकास की डिजिटल रफ्तार पर चर्चा

**कांकेर।** जिला कांकेर में विकास की रफ्तार को नई दिशा देने की पहल अब और तेज होती नजर आ रही है। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला ने प्रशासनिक समन्वय और आधुनिक तकनीक के उपयोग को लेकर नई उम्मीदें जगा दी हैं। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संबंधित हितधारक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उद्योग संचालनालय रायपुर के प्रतिनिधि ने पीएम गति शक्ति पोर्टल के उपयोग पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म विभागों को अपनी परियोजनाओं की बेहतर योजना बनाने, आपसी समन्वय स्थापित करने और कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## प्रधानमंत्री के नाम 12 सूत्रीय समस्याओं का सौंपा ज्ञापन

# कृषि आदान व्यापारी हड़ताल की राह पर

- एकमाह में समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सोमवार को कृषि आदान व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर समस्याओं के निराकरण के लिए प्रधानमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा है। 12 सूत्रीय समस्याओं का उचित निराकरण नहीं होने पर खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन बंद की चेतावनी दी है।

खाद, दवाई, बीज विक्रेता संघ धमतरी के दर्जनों व्यापारियों ने सोमवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि छग एग्री इनपुट डीलर्स एसोसिएशन नई दिल्ली देश के खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का रजिस्टर्ड संगठन है।



यह लगभग 5 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है। संगठन पिछले दस सालों से विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के अधिकारियों तक बार बार निवेदन के बाद भी निराकरण नहीं किया गया। जिसके कारण 27 अप्रैल को पूरे देश के कृषि आदान व्यापारी एकदिन की सांकेतिक हड़ताल पर है।

किसानों के शिकायतों पर कार्रवाई करने से पहले जिला स्तर पर कमेटी बनाने। उपसंचालक कृषि द्वारा लायसेंस निलंबित किए जाने पर 21 दिन में स्वतः बहाली का प्रावधान। खाद, बीज के लायसेंस अवधि 5 वर्ष एवं कीटनाशक लायसेंस आजीवन है। ऐसे स्थिति में हर साल कंपनी के प्रिंसपल सर्टीफिकेट जोड़ने को समाप्त करने। अनाज और उद्यानिकों के बीजो के लिए अलग अलग लायसेंस की प्रक्रिया है। बीज अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। दोहरी लायसेंस प्रथा को बंद करने की मांग की गई।

छग एग्री इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के अभय साहू ने बताया कि एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उपरोक्त समस्याओं के उचित निराकरण उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय, केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है। एकमाह में समस्याओं के उचित निराकरण के लिए ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आगामी खरीफ सीजन में पूर्व मजबूरी में अनिश्चितकालीन हड़ताल करना पड़ेगा। जिससे देश के कृषि उत्पादन पर विपरीत प्रभाव के साथ साथ किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। जिसकी जवाबदारी राज्य एवं केंद्र के अधिकारी की होगी।

### व्यापारियों की 12 सूत्रीय समस्या

उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सबसिडी वाले खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग को अपराध घोषित करने। खाद की डिलीवरी डीलर के बिक्री केंद्र तक सुनिश्चित करने, बढती लागत और महंगाई को देखते हुए उर्वरकों पर डीलर मार्जिन को काटकर 8 प्रतिशत करने। ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए साथी पोर्टल को वैकल्पिक बनाने और इसकी अनिवार्यता केवल निर्माता एवं थोक विक्रेताओं तक सीमित रखने। अवैध बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक या अधिकृत डीलरों को विनियमित बिक्री की अनुमति देने। खाद, बीज एवं कीटनाशक के सीलबंद पैकिंग में नमूना फेल होने पर विक्रेताओं को अपराधी नहीं केवल गवाह माना जाए, कंपनियों के लिए पुराने या एक्सपायर्ड स्टाक को वापस लेना कानूनी रूप से अनिवार्य करने। नए बीज अधिनियम और कीटनाशक विधेयक 2025 में रिटेल डीलर फर्स्ट पार्टी बनाने के कठोर प्रावधान को शिथिल करने।

# गौमाता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने सौंपा गया प्रार्थना पत्र

- जन-जागरण रैली के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत शीर्ष नेतृत्व के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत चल रहे जन-जागरण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। इस अवसर पर गौभक्तों, संतों और गोसेवकों ने गौमाता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र सौंपा।

कार्यक्रम की शुरुआत पुरानी मंडी में पूजन-अर्चन एवं भजन-कीर्तन से हुई। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग रैली के रूप में पुराना बाजार चौक, सरोजनी चौक और कारगिल चौक होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां ज्ञापन सौंपा गया। पूरे मार्ग में "एक ही नारा, एक ही काम - गौ नंदी को मिले सम्मान" के नारों से वातावरण गूंजता रहा।

कार्यक्रम में यादव समाज की विशेष भागीदारी रही। प्रतिभागियों



ने पारंपरिक यदुवंशी वेशभूषा में नृत्य-गान प्रस्तुत कर आयोजन को आकर्षक बनाया और भगवान कृष्ण की लीलाओं का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रणजीत साहू, फलेश्वर साहू, राजेंद्र साहू, कुंज बिहारी साहू, मिथलेश साहू, कृष्णा साहू, जितेंद्र चंद्राकर, धनेश्वर निर्मलकर, बादल चंद्राकर, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, दक्षिणेंद्र गिरी, टिकेश्वर चंद्राकर, कपिल पटेल, डीलेन्द्र यादव, बंशीलाल यादव, युवराज साहू, ओमप्रकाश साहू, खिलेंद्र चंद्राकर, चेतन साहू, राधेश्याम साहू सहित बड़ी संख्या में गौभक्त, संत एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

# 900 ग्राम के नवजात को नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- धमतरी के डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई

जिले में चिकित्सा क्षेत्र की एक प्रेरणादायक सफलता सामने आई है, जहां महज 900 ग्राम वजन के समय पूर्व जन्मे नवजात को डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की कड़ी मेहनत से नया जीवन मिला। ग्राम मोगरागहन निवासी संगीता सिंह (पति भुवनेश्वर सिंह) के शिशु का जन्म समय से पहले एक हॉस्पिटल धमतरी में हुआ था। जन्म के समय शिशु का वजन मात्र 900 ग्राम था और उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक थी।

नवजात की गंभीर हालत को देखते हुए 16 मार्च 2026 को उसे श्री गोपाला हॉस्पिटल धमतरी के एनआईसीयू में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार शिशु को शुगर की कमी, अत्यधिक कमजोरी और संक्रमण (सेप्टीसीमिया) जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा। भर्ती के तीन दिन बाद बच्चे को खून चढ़ाना पड़ा, जिसके बाद उसकी हालत धीरे-धीरे नियंत्रित की गई।

करीब 40 दिनों तक गहन



चिकित्सीय देखरेख और लगातार उपचार के बाद शिशु की स्थिति में सुधार हुआ और उसका वजन बढ़कर 1600 ग्राम हो गया। इसके बाद डॉक्टरों ने उसे स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया। इस पूरे उपचार में डॉ. सी. एल. साहू, डॉ. दीपक कुमार टंडन, डॉ. कुंजबिहारी सहित एनआईसीयू स्टाफ डिम्पल मरकाम, ज्योति चौधरी, अंकिता यादव और उन्नति यादव का विशेष योगदान रहा।

परिजनों ने चिकित्सकों और स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण से ही बच्चे को नया जीवन मिल पाया। यह सफलता जिले के स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक सकारात्मक उदाहरण मानी जा रही है।

### ग्रामीण विद्यार्थियों की निखर रही प्रतिभा

**नगरी।** ग्राम सांकरा में 23 से 26 अप्रैल तक समर कैंप 2026 का आयोजन महानदी एकेडमी नगरी एवं महानदी किड्स के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सीबीएसई संबद्ध विद्यालय द्वारा की गई इस पहल को ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक अवसर के रूप में देखा जा रहा है। समर कैंप का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने किया। इस अवसर पर सरपंच नागेन्द्र बोरझा, जनपद सदस्य राजेश गोसाई, सोसायटी अध्यक्ष गिरिवर भंडारी, संचालन मंडल के सदस्य मोहन नाहटा, निकेश ठाकुर, अहमद रजा, अजय छाजेड़ एवं शशांक सलाम उपस्थित थे। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को अवकाश अवधि के दौरान गुणवत्तापूर्ण, व्यवहारिक एवं रोचक शिक्षा प्रदान करना है। कैंप में अंग्रेजी संवाद कौशल, शब्द भंडार विकास, गणित एवं विज्ञान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सरल, प्रभावी एवं व्यावहारिक पद्धति से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनके आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और सृजनात्मकता में वृद्धि हो सके।

## अंचल की खबरें

### तपती गर्मी में नन्हे बच्चे रख रहे चिड़ियों के लिए पानी



**अंवरी।** तपती गर्मी के इस मौसम में जहां इंसान ही नहीं बल्कि पक्षी भी पानी की कमी से जूझ रहे हैं, वहीं क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चों ने एक प्रेरणादायक पहल शुरू की है। अनंत और उसके साथियों ने चिड़ियों के लिए सकोरे (मिट्टी के बर्तन) और लकड़ी से बने पात्रों में पानी रखना शुरू किया है। बच्चे रोज़ाना इन पात्रों में साफ पानी भरते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी समय चिड़ियों को प्यासा न रहना पड़े। इतना ही नहीं, वे समय-समय पर इन बर्तनों की निगरानी भी करते हैं और देखते हैं कि चिड़िया आकर पानी पी रही हैं या नहीं। जब चिड़ियों को पानी पीते देखते हैं तो उनके चेहरे पर खुशी साफ झलकती है। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन की प्रेरणा से उनके परिवार के बच्चों काव्या और अनंत ने यह पहल की है। इस छोटे से प्रयास ने न केवल पक्षियों को राहत दी है, बल्कि समाज को भी एक बड़ा संदेश दिया है कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता कितनी महत्वपूर्ण है।

### सुखीराम को तहसील साहू समाज ने किया सम्मानित



**मगरलोड।** तहसील साहू समाज मगरलोड की एक दिवसीय बैठक मधुबन धाम में आयोजित की गई जिसमें नगर पंचायत करेली बड़ी निवासी सुखीराम साहू सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को समता साहित्य समिति छत्तीसगढ़ द्वारा शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर भामाशाह समता अवार्ड राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान करने पर तहसील साहू समाज मगरलोड के अध्यक्ष रोहित साहू के द्वारा सम्मानित किया गया। तहसील सचिव छबीलाल साहू ने कहा कि मगरलोड क्षेत्र में ऐसी प्रतिभाएं है जो क्षेत्र, तहसील, जिला एवं राज्य स्तर पर नाम रोशन कर रहे हैं। सुखीराम साहू ग्रामीण साहू समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, मंच संचालक, कवि है। सम्मानित होने पर सुरेश साहू मगरलोड परिक्षेत्र अध्यक्ष, महेन्द्र साहू नगर पंचायत करेली बड़ी अध्यक्ष, नारायण लाल साहू ग्रामीण अध्यक्ष, गौतम साहू संगठन सचिव, जितेश्वर साहू, लालजी साहू, ओमनाथ साहू परिक्षेत्र उपाध्यक्ष, शीलकुमार दावना, वेदराम साहू, कमल राम साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश का सार्थक उपयोग करें



**धमतरी।** शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा यह कहा जाता है कि जीवनभर हमें सीखने का अवसर मिलता है। हाल ही में विभिन्न विद्यालयों में परीक्षा परिणाम घोषित हो रहे हैं और इसके बाद बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय का सदुपयोग करने पर चर्चा हुई। डॉ. जीपी साहू ने कहा कि बच्चों को उनके परिवेश में रखते हुए कक्षा की तैयारी के साथ-साथ उनकी इच्छाओं के अनुसार कार्य सीखने का अवसर देना चाहिए। वहीं, एनआर साहू और एएस ध्रुव ने कंप्यूटर और तकनीकी शिक्षा पर जोर दिया। श्रीमती एस. साहू ने गृहविज्ञान के अंतर्गत सिलाई, कढ़ाई और हेल्थकेयर शिक्षा पर बल दिया। घनश्याम सिंह साहू ने बच्चों को समर कैंप में संगीत, नाटक, कविता लेखन और अन्य विधाओं में रुचि विकसित करने की सलाह दी ताकि ग्रीष्मकालीन अवकाश का सार्थक उपयोग हो सके।

### हज यात्रियों को नगरी वासियों ने दी विदाई



**नगरी।** इस वर्ष हज यात्रा पर नगरी शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी अहमद रज़ा (गुड्डू भाई) अपनी धर्मपत्नी के साथ 26 अप्रैल, रविवार को मक्का और मदीना शरीफ की पवित्र यात्रा के लिए रवाना हुए। उनके प्रस्थान के अवसर पर शहर का माहौल भावुक और आध्यात्मिक भावनाओं से सराबोर नजर आया। हज यात्रियों को विदा करने के लिए विभिन्न समाजों के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। सभी ने उन्हें अलविदा कहा और उनके सुखद, सुरक्षित एवं सफल हज यात्रा के लिए दिल से दुआएं कीं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हाजियों से अपने लिए भी दुआ करने का अनुरोध किया, जो इस पवित्र यात्रा की परंपरा का हिस्सा माना जाता है। विदाई कार्यक्रम में क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, रामप्रसाद तिवारी, देव दत्त तिवारी, डॉ. रूपनारायण पचौरी, निकेश ठाकुर, अजय छाजेड़, मोहन सुरेशा, भानेन्द्र ठाकुर, भावेश चोपड़ा, बृजलाल साहू, संतोष (संतनु) साहू, प्रकाश निर्मलकर सहित शहर के गणमान्य नागरिक एवं मुस्लिम समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। उन्होंने अहमद रज़ा एवं उनकी धर्मपत्नी के लिए मंगलमय यात्रा की कामना की।

# अब छाती सोसायटी में प्रति हेक्टेयर 66 हजार रुपए का बिना ब्याज ऋण मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी(धमतरी)

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि हेतु एवं सहकार से समृद्धि लाने अल्पकालीन कृषि ऋण की लिमिट में अब और बढ़ोतरी करके प्रति हेक्टेयर 66000 सिंचित ,49500 असिंचित प्रति हेक्टेयर कर दिया गया है। कुल लिमिट का 70% नगद राशि एवं 30% सामग्री की भी सुविधा इस वर्ष दी जा रही है। इसके चलते खरीफ फसल 2026-2027 हेतु किसान समिति की ओर आकर ऋण आवेदन बनवा रहे हैं।

छाती सोसाइटी में किसानों को पर्याप्त सुविधा देने के लिए यूरिया 3235 बोरी, सुपर 128 बोरी, डीएपी 878 बोरी अग्रिम भंडारण किया जा चुका है। सहकारी न्यूनतम दर पर यूरिया 266 रुपया 50 पैसा प्रति बोरा,1350 रुपया डीएपी प्रति बोरा,



1625 रुपया प्रति बोरा पोटाश, दानेदार सुपर फास्फेट 510 रूपये होने के कारण किसान खरीफ की अग्रिम तैयारी में जुट गए हैं,जो लेनदेन बंद कर दिए थे ऐसे किसान भी अब भारी संख्या में समितियों में पुनः जुड़ रहे हैं ।शासन के द्वारा एग्री स्टेक के आधार पर पोश मशीन के माध्यम से खाद वितरण की तैयारी किए जाने से किसान समय पूर्व खाद लेने के लिए समिति की ओर आ रहे हैं।

भीड़भाड़ में होने वाली परेशानियों से बचने के लिए किसान समय पूर्व खाद ,बीज, दवाई लेने समिति पहुंच रहे हैं। साथ में किसानों को साधारण ब्याज दर पर मध्य कालीन ऋण हेतु—बोर खनन, ट्युबवेल, भूमि अथवा मेड़ सुधार, बकरी पालन, सूअर पालन, मछली पालन, गोपालन एवं दीर्घकालीन ऋण ट्रैक्टर, थ्रेसर, जेसीबी, हार्वेस्टर भी दिया जा रहा है। जो किसान अभी तक एग्री स्टेक नहीं करवाए हैं वह शीघ्र खाद ऋण लेने अवश्य करवा लें ।अब कम भूमि वाले किसानों को ट्रैक्टर ऋण इस वर्ष प्रदान करने की सुविधा दी जा रही है। उक्त जानकारी नरेंद्र कुमार साहू छाती सीओ ने दिया है।

# डॉ. जगदीश प्रसाद साहू के निधन पर 30 अप्रैल को श्रद्धांजलि कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी


ग्राम कलारतराई निवासी डॉ. जगदीश प्रसाद साहू (80 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। वे जीवनभर स्वास्थ्य सेवा एवं समाज सेवा में सक्रिय रहे और लोगों के बीच अपनी विशेष पहचान बनाई। 30 अप्रैल को दोपहर 12 बजे श्रद्धांजलि कार्यक्रम उनके निज निवास ग्राम कलारतराई में आयोजित किया जाएगा। तहसील साहू संघ ग्रामीण धमतरी एवं जिला साहू समाज धमतरी के संरक्षक गोपाल साहू ने समाजजनों से उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कलारतराई की पानी टंकी साबित हो रही सफेद हाथी

■ 7 साल से बंद 2000 की आबादी परेशान

**धमतरी।** ग्राम पंचायत कलारतराई में लाखों की लागत से बनी पानी टंकी सफेद हाथी साबित हो रही है। 2018-19 में इस टंकी का निर्माण हुआ था, लेकिन निर्माण के बाद यह मात्र 100 दिन ही चल पाई। टंकी के पास पर्याप्त बोर सुविधा नहीं होने के कारण इसमें पानी नहीं भर पाता। नतीजा, ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरपंच कुलदीप ध्रुव ने बताया कि गांव में फिलहाल दो सरकारी बोर और एक निजी बोर से पानी की व्यवस्था की जा रही है। पानी समस्या को लेकर विभाग को लगातार अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने जल्द टंकी को चालू कराने की मांग की है। उपसरपंच माधवेंद्र साहू ने बताया कि गांव की आबादी करीब 2000 है। गर्मी में जल स्तर गिरने से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस संबंध में पीएचई विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है।

### नशा मुक्ति हेतु 30 दिन में 3000 किलोमीटर की यात्रा करने वाले तुलसीराम का सम्मान



■ सेवा का कार्य जन आंदोलन बनकर समाज के लिए बन जाती है प्रेरणा : पं. राजेश शर्मा

**धमतरी।** समाज में आज भी कुछ ऐसे लोग होते हैं जिन्हें दूसरों से हटकर काम करने का जुनून होता है और यही उन्हें सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए अंतरात्मा की आवाज पर प्रेरित करती है यही प्रेरणा को लेकर कुरूद ब्लाक के ग्राम चर्रा जैसे एक छोटे से ग्राम से 35 वर्ष का नवयुवक तुलसीराम साहू आज से एक माह पूर्व नशा मुक्ति जैसे समाज सुधार के महान उद्देश्य को लेकर साइकिल की यात्रा प्रारंभ करते हुए लोगों को नशा मुक्ति से जोड़ने का महान बीड़ा उठाया जिसके वापस होने पर शहर के अर्जुनी मोड़ पर समाज सेवी पंडित राजेश शर्मा द्वारा स्वागत व सम्मान करते हुए इस साहसिक कार्य के लिए उनका सम्मान किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि समाज में सेवा परमो धर्म का संस्कार आज भी जीवित है जिसका साक्षात एवं जीता जागता उदाहरण तुलसीराम जैसा युवक साइकिल यात्रा के रूप में नशा मुक्ति अभियान चलाकर प्रस्तुत किया है जिसके लिए समाज के सारे वर्ग हमेशा उनके आभारी रहेंगे।

### गाली गलौज कर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** गाली गलौज कर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जयनिधि रत्नाकर निवासी ग्राम कोयलारी ने बताया कि 20 अप्रैल को ग्राम कोयलारीडीह के गिरधारी पटेल, रोशन उर्फ चंद्रमणि पटेल, पप्पू उर्फ चिंतामणि पटेल के द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट किया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# डॉग बाइट की समस्या के समाधान हेतु पशु जनसंख्या नियंत्रण अभियान

■ आवारा कुत्तों की अनियंत्रित वृद्धि को रोकना तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता : अखिलेश सोनकर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शहरी क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या एवं उनसे उत्पन्न डॉग बाइट जैसी समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा एक सुनियोजित एवं प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्नेह एनिमल वेलफेयर एजेंसी के साथ 5 वर्षों का अनुबंध कर दानीटोला वार्ड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में कुत्तों के बधियाकरण (नसबंदी) का कार्य निरंतर एवं व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में डॉग बाइट की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, आवारा कुत्तों की अनियंत्रित वृद्धि को रोकना तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नगर निगम द्वारा इस कार्य में मानवीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जा रही है, जिसमें पशुओं के साथ संवेदनशील व्यवहार रखते हुए उनकी नसबंदी, टीकाकरण एवं आवश्यक देखभाल की जा रही है, ताकि उनकी आक्रामकता में कमी आए और वे समाज के लिए सुरक्षित बन सकें।

स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष निलेश लुनिया ने बताया कि यह अभियान पूरी तरह से सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित हो रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम भी धीरे-धीरे सामने आने लगे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन क्षेत्रों से कुत्तों को पकड़ा जाता है, नसबंदी एवं उपचार के बाद उन्हें उसी स्थान पर पुनः छोड़ा जाता है, जिससे क्षेत्रीय संतुलन बना रहे और बाहरी कुत्तों का प्रवेश न हो।



श्री सोनकर ने कहा कि नगर निगम द्वारा विशेष रूप से पशु पकड़ने वाली टीमों का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से विभिन्न वार्डों में निगरानी रख रही हैं। इसके साथ ही, नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने एवं समस्या के त्वरित निदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। शहरवासियों से अपील की गई है कि वे इस जनहितकारी अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा डॉग बाइट या आवारा कुत्तों से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत 'निदान 1100' पर सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## बैठक में गूंजा मुद्दा : 1.5 करोड़ के विकास कार्यों पर भी लगी मुहर

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम गिरने पर कुरूद पालिका में निंदा प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर पालिका परिषद कुरूद की आठवीं पीआईसी (प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल) बैठक सोमवार को अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रमुख विषय के रूप में उभरकर सामने आया, जिस पर निंदा प्रस्ताव लाए जाने के साथ ही पक्ष-विपक्ष के बीच मतभेद भी देखने को मिले। साथ ही नगर विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर भी निर्णय लिए गए।

बैठक की शुरुआत हंगामेदार रही। अध्यक्ष श्रीमति चन्द्राकर ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर लोकसभा में विपक्ष के रवैये पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने एक महिला अध्यक्ष के तौर पर अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि विपक्षी दल महिलाओं के अधिकारों के विरोधी हैं। इस दौरान अध्यक्ष और 4 विभागों के सभापतियों ने मिलकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। वहीं, नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के सभापति देवव्रत साहू ने इस प्रस्ताव का विरोध किया। उन्होंने इसे राजनीतिक विषय बताते हुए कहा कि स्थानीय निकाय की बैठक में इस प्रकार के प्रस्ताव लाना उचित नहीं है। साथ ही उन्होंने इसे भ्रामक प्रचार बताते हुए असहमति जताई।



बैठक में सभापति मिथलेश बैस, महेंद्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, सलाहकार समिति सदस्य रवि मानिकपुरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुप्ता, इंजीनियर पैंकरा सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में अध्यक्ष श्रीमति चन्द्राकर ने साफ कर दिया कि कुरूद में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और अजय चंद्राकर के विकास रथ को रोकने वाला कोई नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कुरूद को व्यवस्थित और सुंदर बनाना ही उनकी प्राथमिकता है।

### चमकेंगे चौक-चौराहे, विकास के 10 बिंदुओं पर लगी मुहर

बैठक में नगर विकास के लिए 10 प्रमुख एजेंडों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया जिसमें केनाल रोड पर छत्रपति शिवाजी चौक, तहसील कार्यालय के पास सुभाष चंद्र बोस चौक, कारगिल चौक, बायपास पर घड़ी चौक और नए बस स्टैंड में महारानी अहिल्याबाई होल्कर चौक का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। 15वें वित्त आयोग से प्रत्येक वार्ड में रोड, नाली, बिजली और पानी जैसे मूलभूत कार्यों के लिए 1.5 करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। ग्रीष्मकालीन जल संकट से निपटने के लिए बोर खनन, छोटी पानी टंकी का निर्माण और कचरा डंपिंग के लिए आधुनिक कचरादान की व्यवस्था होगी। साथ ही आगामी बरसात को देखते हुए नालियों की सफाई के लिए 3 माह हेतु अतिरिक्त सफाई कर्मचारी (स्वीपर) रखे जाएंगे।

# मां विंध्यवासिनी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

मां विंध्यवासिनी स्कूल का सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा अनुसार घोषित परिणाम में कई विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नर्सरी में सचिन साहू, घनश्याम साहू एवं लता साहू ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रंजना साहू, दिनेश कुमार साहू एवं सरस्वती साहू ने 96.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा गौरवी, धर्मेन्द्र सोनकर एवं नीरा सोनकर ने 95.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

केजी-1 में किंजल साहू सहित अन्य विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। केजी-2 में दीक्षा मोहिते एवं उनके साथियों ने 99.5 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार कक्षा पहली में दीपाली सोनकर ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि कक्षा दूसरी में रिया रात्रे ने 99.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कक्षा तीसरी, चौथी एवं छठवीं के विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्रमशः डिम्पी साहू, हुलसी साहू एवं दीक्षा मीनपाल ने अपने-अपने कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। अन्य कक्षाओं में भी विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार से स्कूल संचालिका यशोदा सोनकर सहित स्टॉफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया है।

## पीएम आवास योजना 2.0

# धमतरी में 145 आवास की स्वीकृति

■ इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में 58 और स्वीपर कॉलोनी में 87 आवास बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत 145 आवासों की स्वीकृति मिली है। यह स्वीकृति केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (CSMC) की छठवीं बैठक में प्रदान की गई। नगर पालिक निगम धमतरी के तहत इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में 58 और स्वीपर कॉलोनी में 87 आवासों का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्लम क्षेत्रों के पुनर्वास को गति मिलेगी।



इस परियोजना के लिए कुल 8 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह योजना विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जा सके। लंबे समय से इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अब बेहतर जीवन सुविधाएं मिल सकेंगी। महापौर रामू रोहरा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह धमतरी के शहरी गरीबों के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और हर गरीब के सिर पर छत के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी बताया कि स्लम क्षेत्रों के पुनर्वास की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे अब मूर्त रूप दिया जा रहा है।

महापौर ने केंद्र सरकार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, टंकराम वर्मा एवं रूपकुमारी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर के विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे और भविष्य में भी धमतरी को विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाया जाएगा।

## धमतरी नगर निगम की पहल

# ओवरहेड टंकियों के पुराने वॉल बदले जा रहे, पानी की बर्बादी पर लगेगी रोक



■ सकोरे और लकडी के पात्रों में रोज भरते हैं पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए धमतरी नगर निगम द्वारा शहर की पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र के सभी ओवरहेड टैंकों में पिछले लगभग 10 वर्षों से खराब पड़े वॉल (वाल्व) को बदलकर नए वॉल लगाए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, कई स्थानों पर ओवरहेड टंकियों के पुराने और खराब वॉल के कारण लगभग 20 से 25 प्रतिशत तक पानी लगातार बहकर बर्बाद हो रहा था। इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए महापौर रामू रोहरा के दिशा-निर्देश पर जल विभाग ने यह अभियान शुरू किया है। जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर ने बताया कि विभाग की पहली प्राथमिकता है कि शहरवासियों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि अभी इतवारी बाजार पानी टंकी, सेंचुरी गार्डन का वाल बदला है ओवरहेड टंकियों के वॉल बदलने से पानी का अनावश्यक बहाव पूरी तरह रुकेगा और जल संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

### विश्व मलेरिया दिवस मनाया

**धमतरी।** रिलायंस एंड फ्लोरन्स कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा के विद्यार्थियों ने विश्व मलेरिया दिवस पर जिला चिकित्सालय में मलेरिया दिवस की थीम पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया।

# गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत धमतरी में रैली, ज्ञापन सौंपा

**धमतरी।** देशभर में गौ संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे "गौ सम्मान आव्हान अभियान" के अंतर्गत धमतरी में भी धर्मप्रेमियों और गौ सेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। 27 अप्रैल को आयोजित इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत शहर में रैली निकालकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



कार्यक्रम के तहत हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता एवं गौ सेवक स्थानीय गौशाला मैदान में एकत्रित हुए। यहां से सभी ने गांधी मैदान तक रैली निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रैली के पश्चात तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भारतीय संस्कृति, अर्थव्यवस्था, मानव स्वास्थ्य, विषमुक्त कृषि और पर्यावरण संतुलन में गाय का विशेष महत्व है। सदियों से गोवंश भारतीय परंपराओं का अभिन्न अंग रहा है, लेकिन वर्तमान समय में संरक्षण के अभाव में इसकी स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से अपील की गई कि देश में गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा के लिए प्रभावी नीतियां बनाई जाएं। इस अभियान में महेश रोहरा, सुबोध राठी, हेमराज सोनी, दीपक ठाकुर, पं. हरिशरण वैष्णव, मोहन साहू, पुरुषोत्तम निषाद, डाकेश्वर साहू, चित्रेश साहू, अभिषेक साहू, सत्यम सिन्हा, माधवेंद्र संजय साहू, संस्कार साहू, गजेन्द्र साहू, गोदावरी साहू, कुशांक साहू, सनत साहू, रामचंद देवांगन, कमलनारायण सहित संत समाज, सर्व हिन्दू समाज, हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में गौ सेवक उपस्थित रहे।

# गुणवत्ताहीन आंगनबाड़ी निर्माण की शिकायत

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी में गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत कलेक्टर से की गई है। लालबगीचा वार्ड निवासी प्रवीण साहू, विकास साहू आदि ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि लालबगीचा वार्ड में आंगनबाड़ी निर्माण कार्य जारी है। शासकीय वर्कआर्डर के अनुसार लालईंट का उपयोग करना प्रतिबंधित है, लेकिन आंगनबाडी में लालईंट का प्रयोग किया जा रहा है। कालम निर्माण तथा सबलिंग का कार्य ठीक से नहीं किया गया है। निर्माण कार्य में क्यूरिंग का कार्य सही तरीके से नहीं किया जा रहा है।



शिकायतकर्ताओं ने निर्माण कार्य की जांच कर ठेकेदार का लायसेंस निरस्त करने की मांग की है।













